हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 12 अप्रैल 2026

04 विधायक प्रियंका पेची ने क्षेत्र के विकास कार्यों और...



07 महाविद्यालय में जल है तो कल है विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता...





## नगर के इंवेंट

### आरोन में ज्योतिबा फुले जयंती पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन



**आरोन।** 11 अप्रैल को स्थानीय दास हनुमान मंदिर चौराहा पर नवजागरण काल के महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई।इस अवसर पर सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (SUCI) के जिला कमेटी सदस्य महेंद्र नायक ने महात्मा फुले के जीवन एवं उनके शिक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक समानता के लिए किए गए संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा के प्रसार के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए तथा सामाजिक भेदभाव के खिलाफ मजबूत आवाज उठाई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभा का संचालन योगेश सोनी द्वारा किया गया।

### साईं नाथ क्लीनिक पर मनाया गया विश्व होम्योपैथी दिवस



**आरोन।** नगर के साईं नाथ क्लीनिक पर विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में डॉ. जयकुमार शर्मा ने डॉ. हैनीमैन के जीवन एवं उनके चिकित्सा क्षेत्र में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति विकसित की, जिससे अनेक असाध्य रोगों के उपचार में नई दिशा मिली।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भी होम्योपैथिक चिकित्सा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. जयकुमार शर्मा ने सभी उपस्थितजनों एवं पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में पंडित रामदयाल शास्त्री, पत्रकार लखन रघुवंशी, श्याम टांडेल, राकेश जैन, छगनलाल तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रविंद्र सिंह सिकरवार ने संभाला आरोन थाने का प्रभार




**आरोन ।** शनिवार को रविंद्र सिंह सिकरवार ने आरोन थाने का थाना प्रभारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि आरोन क्षेत्र से क्राइम और असामाजिक तत्वों को दूर करना मेरा पहला उद्देश्य होगा। इस मौके पर दयासागर शर्मा, पवन शर्मा, शिवम भार्गव जनसेवा टीम के मिथुन शर्मा आदि ने थाना प्रभारी का स्वागत किया।

### आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना।** प्रबंधक कैंट जोन ने बताया कि 33/11 केव्ही नानाखेड़ी सब-स्टेशन अंतर्गत 11 केव्ही कैंट एवं गोपालपुरा फीडर पर मेंटनेंस कार्य होने से 12 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक गोपालपुरा, एमपी नगर, नानाखेडी, यादव रायल सिटी, पेंशनर मोहल्ला, ऊमरी हाउस, पुलिस कंट्रोल रूम, वृद्धाश्रम भगतसिहं कॉलोनी सामरसिंगा, पटेल नगर, ढ़ौगापुरा, गुलाबगंज, खेजरा रोड़, कालापाठा, कैण्ट चौराहा, कैण्ट सब्जी बाजार, कांजी हाउस, तकिया मौहल्ला आदि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त विद्युत कटौती की समयावधि आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

### जिले में मनाया गया सुरक्षित मातृत्व दिवस, "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" का संदेश

**गुना।** जिले में सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" थीम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की समुचित देखभाल एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।यह आयोजन कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर संपन्न हुआ। इसी क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरखेड़ा हाट में कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई। सीएचओ ममता अहिरवार एवं स्वास्थ्य स्टाफ द्वारा 12 गर्भवती महिलाओं को फूड बास्केट एवं "पोषण पोटली" वितरित की गई।कार्यक्रम में गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित जांच एवं सुरक्षित प्रसव के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष देखभाल, टीकाकरण एवं नियमित जांच के प्रति भी जागरूक किया। जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाकर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

## नवनिर्मित सड़कों की अवैध खुदाई पर नगर पालिका के सख्त तेवर

**सीएमओ ने मौके पर पहुंचकर रुकवाया काम, कंपनी व इंजीनियर को नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में नवनिर्मित सड़कों को बिना अनुमति खोदने के मामले में नगर पालिका ने सख्त रुख अपनाया है। वार्ड क्रमांक 18 स्थित भार्गव कॉलोनी एवं नजूल कॉलोनी में एक मोबाइल कंपनी द्वारा टावर के लिए अंडरग्राउंड लाइन बिछाने के नाम पर अवैध खुदाई किए जाने की शिकायत मिलते ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) मंजुषा खत्री ने शनिवार सुबह मौके पर पहुंचकर कार्य तत्काल रुकवा दिया। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि कंपनी द्वारा हर 100 मीटर पर गड्ढे खोदकर भारी मशीनों से पाइपलाइन डाली जा रही थी, जिससे नई सड़कों को नुकसान पहुंचा और कीचड़ व मटेरियल फैलने से आमजन को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। सबसे गंभीर बात यह रही कि कंपनी ने नगर पालिका से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली थी।

सीएमओ खत्री ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि बिना अनुमति इस प्रकार का कार्य कतई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने तत्काल काम बंद कराने के साथ ही संबंधित कंपनी और नगर पालिका के इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि समय रहते तकनीकी अमला क्षेत्र का निरीक्षण करता, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती।



### नागरिकों से संवाद कर समस्याओं का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए उनकी अन्य समस्याओं को भी सुना। क्षेत्र में साफ-सफाई, नालियों की स्थिति और पार्कों का निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पार्क के पास पड़े मलबे को तत्काल ट्रैक्टर-ट्रॉली से हटवाया गया और सड़कों के गड्ढे भरने के निर्देश दिए गए।इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। वार्ड पार्षद कैलाश धाकड़ भी मौके पर पहुंचे। सीएमओ ने स्वच्छता कार्य में सराहनीय योगदान देने वाली सफाई कर्मी सविता बाई को सम्मानित करने की घोषणा की।

### जरूरतमंदों की मदद का भरोसा

निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासी एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोहनराज मीणा ने कुछ जरूरतमंद परिवारों के लिए आवास और पेंशन की मांग उठाई। इस पर सीएमओ ने संबंधित परिवारों से घर जाकर मुलाकात की और उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

### वार्ड 27 का भी किया निरीक्षण

इसके बाद सीएमओ ने वार्ड क्रमांक 27 स्थित राधा कॉलोनी और हनुमान कॉलोनी का निरीक्षण किया। यहां नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ द्वारा पुलिया निर्माण की समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर सीएमओ ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### सख्त संदेश

पूरे घटनाक्रम में नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शहर में बिना अनुमति किसी भी प्रकार की खुदाई या निर्माण कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गुना में जन्मदिन पर मचाया बीच सड़क गुंडागर्दी और रसूख का खूनी तांडव

## भाजपा पार्षद के परिजनों को पिकअप से कुचला, कई घायल

**शहर की सड़कों पर 'मौत' का नया ट्रेंड: कब जागेगी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की सड़कों पर देर रात गाड़ियों की बोनट पर केक काटना और हुड़दंग करना अब एक जानलेवा फैशन बन चुका है।

नानाखेड़ी मंडी गेट से लेकर पीजी कॉलेज परशुराम चौराहा और मुख्य डाकघर रोड तक, रात होते ही उपद्रवी युवाओं के झुंड कानून की धज्जियां उड़ाते देखे जा सकते हैं। तेज संगीत, खुलेआम नशा और अब सीधे हत्या के प्रयास जैसी वारदातें पुलिस की गश्त और सक्रियता पर बड़े सवाल खड़े करती हैं। अगर पुलिस ने इन 'बर्थडे गैंग्स' पर समय रहते नकेल नहीं कसी, तो भविष्य में ऐसी और भी खूनी करतूतें शहर की शांति भंग करेंगी।

### क्या है पूरा मामला

शहर के नानाखेड़ी इलाके में शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात गुंडागर्दी और रसूख का ऐसा खूनी तांडव देखने को मिला जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया। जन्मदिन मनाने के नाम पर सड़क पर हुड़दंग कर रहे कुछ रसूखदार युवकों ने न केवल मर्यादा की सीमाएं लांघी, बल्कि टोकने पर एक भाजपा पार्षद के परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। सनक इस कदर हावी थी कि आरोपियों ने अपनी महिंद्रा पिकअप को हथियार बनाया और सड़क पर खड़े लोगों को बेरहमी से कुचल दिया। इस दिल दहला देने वाली वारदात में एक परिजन गाड़ी की भीषण टक्कर से हवा में कई फीट ऊपर उछला और दूर जा गिरा, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है।



### गाली-गलौज का विरोध किया तो रसूखदारों ने खोया आपा

जानकारी के अनुसार, नानाखेड़ी क्षेत्र में तीन लोगों ने अपने करीब दो दर्जन साथियों के साथ सड़क के बीचों-बीच गाड़ियों की बोनट पर केक काटकर पार्टी शुरू की थी। आधी रात को शराब के नशे में धुत ये युवक न केवल शोर मचा रहे थे, बल्कि सरेराह गालियां भी बक रहे थे।

पड़ोस में रहने वाले भाजपा पार्षद के परिवार ने जब इस अभद्रता का विरोध किया और घर की बहू-बेटियों की मर्यादा का हवाला देते हुए उन्हें शांत रहने को कहा, तो आरोपी आगबबूला हो गए। चंद मिनटों में ही जन्मदिन का यह जश्न खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। आरोपियों ने पहले लाठी-डंडों से हमला किया और फिर अपनी महिंद्रा पिकअप गाड़ी को खूनी हथियार की तरह इस्तेमाल किया।

### 'हिट एंड रन' का खौफनाक प्रयास

घटना के जो भयावह दृश्य सामने आए हैं, वे किसी फिल्मी स्टंट से भी ज्यादा डरावने थे। आरोपी ने आवेश में आकर अपनी पिकअप गाड़ी स्टार्ट की। उसने पहले तेज रफ्तार में गाड़ी को रिवर्स किया ताकि पीछे खड़े लोग चपेट में आ जाएं, और फिर बिना सोचे-समझे सीधे सामने खड़े परिजनों पर गाड़ी चढ़ा दी। इस टक्कर की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गाड़ी की चपेट में आया परिवार का एक सदस्य कई फुट दूर जाकर गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो आरोपी उसे जान से मार देने की नीयत से बार-बार गाड़ी को आगे-पीछे कर रहे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से आरोपियों ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए और मौके से फरार हो गए।

### असामाजिक तत्वों की शरणस्थली बना इलाका

पीड़ित परिवार और स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ये युवक लंबे समय से मोहल्ले में आतंक का पर्याय बने हुए हैं। आए दिन यहां बाहरी लड़कों का जमावड़ा होता है, जो शराब पीकर उत्पात मचाते हैं।

स्थिति यह है कि क्षेत्र की महिलाएं और छोटी बच्चियां मंदिर जाने या घर से बाहर निकलने में भी असुरक्षित महसूस करती हैं। पूर्व में भी इनकी शिकायतें पुलिस से की गई थीं, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में इन अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि आज इन्होंने एक जनप्रतिनिधि के परिवार को ही अपना निशाना बना लिया।

### भाजपा जिलाध्यक्ष और नपाध्यक्ष पति ने की कड़ी निंदा

नगर पालिका परिषद गुना के वार्ड क्रमांक 1 से पार्षद राधाबाई कुशवाह के परिजनों एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गेंदालाल कुशवाह पर बीती रात हुए हमले के पश्चात शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने जिला चिकित्सालय पहुँच कर सभी घायल परिजनों का हाल जाना ।

साथ ही डॉक्टरों एवं चिकित्सा कर्मियों से सभी को शीघ्र स्वास्थ लाभ दिलाने का आग्रह किया ।

### इनका कहना है

उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।--मेरे संज्ञान में है ,मैं दिखवाती हूं इस पूरे मामले को और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-हितिका बासल** एसपी गुना

### धरनावदा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई 9 वर्ष पुराने मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में फरार आरोपियों एवं वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत धरनावदा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमती दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने 9 वर्ष पुराने मामले में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू



अहिरवार निवासी ग्राम टोडी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर माननीय न्यायालय राघौगढ़ द्वारा उसके विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुहिल शर्मा, सउनि रामगोपाल तोमर, आरक्षक नरेन्द्र मीना, रघुकुल मिश्रा एवं नीरज शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### खनिज विभाग की लगातार कार्रवाई

## अवैध खनन पर एक जेसीबी व चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर खनिज विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी एवं छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ऊमरी थाना अंतर्गत ग्राम खेरीखता में मुरम के अवैध उत्खनन की शिकायत पर खनिज विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं 1 जेसीबी मशीन से अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर उन्हें जब्त कर चौकी ऊमरी में खड़ा कराया गया।इसके अतिरिक्त गुना एबी रोड के पास अवैध रूप से एम-सैंड का परिवहन करते हुए 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया। इस प्रकार कुल 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं 1 जेसीबी मशीन जब्त कर संबंधित वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर कन्याल ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय गुना को मिला ISO 9001 एवं 14001 प्रमाण पत्र




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय गुना को न्यायिक कार्यप्रणाली में उत्कृष्टता के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक ISO 9001 (क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम) एवं ISO 14001 (एनवायरनमेंट मैनेजमेंट सिस्टम) प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

यह उपलब्धि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में न्यायालय के समस्त न्यायाधीशों, कर्मचारियों एवं अभिभाषक संघ के सतत प्रयासों से प्राप्त हुई।न्यायालय के कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में ISO टीम नई दिल्ली के प्रतिनिधि शिवांशु तिवारी द्वारा यह प्रमाण पत्र औपचारिक रूप से प्रदान किया गया। इस अवसर पर न्यायालय की पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण न्यायिक प्रणाली, रिकॉर्ड कीपिंग, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण मानकों के पालन को सराहा गया। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश, जिला न्यायाधीशगण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारी एवं न्यायालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शहर के ऐतिहासिक संजय स्टेडियम गुना में फिर दिखा हॉकी का रोमांच

## दो दिवसीय सीरीज का भव्य शुभारंभ, खेल प्रेमियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के ऐतिहासिक संजय स्टेडियम में आज गुना एवं भोपाल की हॉकी टीमों के बीच दो दिवसीय रोमांचक हॉकी सीरीज का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी हरि सिंह यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सीरीज का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरिष्ठ पत्रकार महावीर सिंह तोमर, कृष्ण योगेंद्र रघुवंशी, बाबूलाल यादव, शेखर वशिष्ठ, एमपी सिंह, एसपी सिंह एवं नंदू चौबे सहित अनेक



गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और इस प्रकार के आयोजनों को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।जिला हॉकी संघ के सचिव ब्रजेश दुबे "बॉबी" ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दो दिवसीय हॉकी सीरीज गुना और भोपाल की टीमों के बीच खेली जा रही है, जिसमें दोनों ही टीमें अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने बताया कि मैच प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे एवं शाम 4:30 बजे आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक खेल प्रेमी इन मुकाबलों का आनंद ले सकें।संजय स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उम्मीद की जा रही है कि यह सीरीज न केवल रोमांचक मुकाबलों का साक्षी बनेगी, बल्कि जिले में हॉकी खेल को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगी।

## समाचार संक्षेप

### पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल में सम्पन्न हुआ वार्षिक उत्सव



चाचौड़ा। पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल बीनागंज में विकास खण्ड शिक्षाधिकारी नीरज शुक्ला के मुख्य अतिथि में वार्षिक उत्सव का सफल आयोजन हुआ! जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य गोपाल मैथिल ने की विद्यालय की पूर्व प्राचार्य श्रीमती कांता जैन, संध्या श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, ताराचंद साहू,सुधा सोनी, प्रभावती भार्गव ऋचा सेन, ऊषा साहू, सविता जैन, राकेश शर्मा, प्रताप शाक्य,विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रेखा जाटव, सदस्य ज्योति मीना, पूर्व प्राचार्य जय प्रकाश शर्मा जनशिक्षक बृजमोहन साहू, राजेंद्र सिंह मीना आदि मंच पर मौजूद रहे! समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विकास खण्ड शिक्षाधिकारी नीरज शुक्ला ने ज्ञानदाहिनी मां सरस्वती के श्रीचरणों में दीप प्रज्वलित कर किया! देवा श्री गणेशा, मधुवन में जो कन्हैया, आरम्भ हैं प्रचण्ड बोले मस्तको का झुण्ड जग, घुमाया थारे जैसा न कोई, संदेश आते है! हमे तड़पाते हैं, सवारियां सेठ म्हारी राधे जी सेठानी मिश्री सी मीठी वाता आदि भजन व गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनमोह लिया ! विद्यालय के शिक्षक अभिषेक मीना ने बताया कि इस वार्षिक उत्सव में लगभग एक दर्जन पूर्व शिक्षकों का सम्मान किया गया एवं विद्यालय की बालिकाओं द्वारा शानदार भजनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई! जिसको अतिथियों सहित दर्शकों ने सराहा! उक्त गरिमामई समारोह का संचालन कर्मचारी नेता कृष्ण गोपाल मीना एवं स्पोर्ट टीचर वंदना व्यास ने किया! इस अवसर पर अंजुम कुरैशी, हुकुमचंद साहू, रमेशचंद अहिरवार, रमा मीना, अनुराधा साहू कृष्णा शाक्य, वंदना वरौनिया, अभिषेक मीना, वंदना व्यास, वैशाली साहू, दीपक प्रजापति, वाल केबिनेट से तमन्ना जाटव, पलक मीना, प्रेरणा जैन का के, सुनीता, निकिता सेन, पूर्ति मीना, कनक साहू रौशनी मेर, राधिका मेरे सहित कई पालक मौजूद रहे! सहभोज के साथ समारोह का समापन हुआ! अंत में प्राचार्य गोपाल मैथिल ने सभी का आभार व्यक्त किया!

### कथा में सृष्टि निर्माण, ध्रुव भक्ति और शिव विवाह का हुआ भावपूर्ण वर्णन

चांचौड़ा । ग्राम रतौधना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर पंडित हर्षित महाराज (गुरुकुल श्री धाम वृन्दावन गेहूंखेड़ी) द्वारा सृष्टि निर्माण, मनु-शतरूपा की उत्पत्ति, ध्रुव की भक्ति और शिव विवाह जैसे महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।कथावाचक ने सृष्टि निर्माण की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान ने ब्रह्मा जी के माध्यम से इस संपूर्ण जगत, जीव-जंतुओं और प्रकृति की रचना की। मनु औरशतरूपा की उत्पत्ति का प्रसंग सुनाते हुए धर्म और मर्यादा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए उनकी अटूट भक्ति और कठोर तपस्या को प्रेरणादायक बताया गया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा में भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह का सुंदर वर्णन भी किया गया, जिसे प्रेम, तपस्या और समर्पण का प्रतीक बताया गया।



# विधायक प्रियंका पेची ने क्षेत्र के विकास कार्यों और विभागीय समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विकासखंड चाचौड़ा के कुंभराज में विकास खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें राजस्व विभाग ,लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग ,नगरीय निकाय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग ,स्वास्थ्य विभाग ,शिक्षा विभाग ,कृषि कल्याण विभाग ,पशुपालन विभाग ,आदिमजाति कल्याण विभाग, खाद्य विभाग, जनपद पंचायत, विद्युत विभाग , पुलिस विभाग ,वन विभाग,जल संसाधन विभाग , उद्यानिकी विकास विभाग आदि विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई ।बैठक की





अध्यक्षता चाचौड़ा विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची ने करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुँचे। उन्होंने विशेष रूप से सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं रोजगार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ योजनाओं में प्रगति संतोषजनक है, वहीं कुछ कार्यों में धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की गई। संबंधित अधिकारियों को समयसीमा में कार्य पूर्ण करने एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक विभाग अपनी साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, ताकि कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा सके। साथ ही, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविर आयोजित करने पर भी चर्चा हुई।अंत में विधायक प्रियंका पैंची ने अपने वक्तव्य में कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

इस दौरान बैठक में प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष रोहित कासट, नगर परिषद अध्यक्ष शारदा देवी साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबूलाल सेन, दयाराम बुनकर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य विक्रम मीना, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ब्रजमोहन मैथिल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेश काकानी, नगर परिषद उपाध्यक्ष विक्रम मीना, मण्डल महामंत्री नीरज मालवीय, विक्रम मीना, नगर परिषद प्रतिनिधि कमलेश साहू, विधायक प्रतिनिधि रामसेवक मीना,अजय प्रताप परिहार, राहुल मीना, सहित प्रशासनिक एवं विभागाधिकारीगण उपस्थित रहे ।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई 200वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

नगर में माली सैनी समाज श्री गणेश मंदिर रामनगर रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले स्थल पर महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती मनाई गई। जिसमें समाज के सभी वरिष्ठजन,युवा साथी के द्वारा सर्वप्रथम महात्मा फूले के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प हार चढ़ाकर मनाई गई। जिसमें जीवन परिचय पर विचार व्यक्त करते हुए बताया गया कि महात्मा ज्योतिबा फुले के द्वारा नारी शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम महिला स्कूल, भेदभाव रहित समाज, बाल विवाह प्रथा आदि को समाप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में अभिन्न योगदान दिया। साथ ही महात्मा फुले को महान दार्शनिक,कवि भी बताया जिनके द्वारा गुलामगिरी जैसी पुस्तक लिखी गई।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन का पुष्प हार पहनकर सम्मान भी किया।इस जयंती समारोह में समाज के सभी वरिष्ठजन,युवासाथी, राष्ट्रीय फूले ब्रिगेड टीम के पदाधिकारी,ऑल इंडिया माली सैनी समाज के पदाधिकारी एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के पदाधिकारी आदि माली सैनी समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।



## कुंभराज शासकीय महाविद्यालय का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

चाचौड़ा प्राचार्य सहित स्टाफ को सुधार के निर्देश, बेहतर शैक्षणिक वातावरण पर जोर विधायक प्रियंका पेची ने शासकीय महाविद्यालय कुंभराज का औचक निरीक्षण कर महाविद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ को आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष रोहित कासट, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू, मण्डल महामंत्री नीरज मालवीय, विधायक प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह परिहार, राहुल मीना सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।



## अंकित मीना बने इनकम टैक्स सुपरिटेंडेंट (फाइनेंस)

चांचौड़ा। बेराखेड़ी निवासी अंकित मीना ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी सफलता हासिल की है।अंकित मीना, पिता महाराज सिंह मीना, का चयन इनकम टैक्स सुपरिटेंडेंट (फाइनेंस) पद पर हुआ है।उनकी इस उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।अंकित ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुओं को दिया है।उन्होंने बताया कि लगातार परिश्रम और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है।इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।ग्रामीणों ने इसे पूरे गांव के लिए गौरव का क्षण बताया।चयन की खबर मिलते ही इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने बधाइयों का तांता लगा दिया।सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।अंकित की सफलता से बेरखेड़ी गांव का नाम रोशन हुआ है।



## नगर पालिका में सीएम हेल्पलाइन एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित

राघौगढ़। नगर पालिका राघौगढ़ में सीएम हेल्पलाइन और जल प्रदाय व्यवस्था को लेकर सभी कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान नगर में पेयजल आपूर्ति को सुचारू एवं नियमित बनाए रखने के निर्देश दिए गए।इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) तेजसिंह यादव, उपयंत्री विशाल बाबू शर्मा, उपयंत्री शिव कुमार रघुवंशी, MPUDC की उपयंत्री मोहिनी मिश्रा, जल प्रदाय अमला तथा सभी वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।



# डॉ. अंबेडकर जयंती पर शाउमावि आरोन में साप्ताहिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

माननीय कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अंतर्गत विकासखंड मुख्यालय पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आरोन में साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक आयोजित किए जा रहे हैं। प्रथम दिवस (10 अप्रैल) साप्ताहिक कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर जी के योगदान पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा डॉ. अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग से प्रेमनारायण जाटव, पी.सी. करोलिया, श्री दिनेश शर्मा सहित समस्त विभागीय स्टाफ आरोन उपस्थित रहा। विद्यालय की ओर से समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। परिचर्चा में छात्रों ने डॉ. अंबेडकर जी के जीवन एवं उनके योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जनजातीय कार्य विभाग से शप्रेमचंद करोलिया, दिनेश शर्मा एवं राजेश दाती ने विशेष रूप से परिचर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार ओझा, उच्च माध्यमिक शिक्षक द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस पर भाषण एवं राष्ट्रीय गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भाषण एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।इस अवसर पर राजेश दाती द्वारा मनमोहक कविता एवं राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया गया। साथ ही सविता राजपूत द्वारा डॉ. अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। साप्ताहिक कार्यक्रम का मुख्य समापन समारोह 14 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को आमंत्रित किया जाएगा तथा योजनाओं के प्रचार-प्रसार संबंधी गतिविधियाँ भी की जाएंगी।समापन दिवस पर पुरस्कार वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा।इस दौरान स्वच्छता एवं अन्य गतिविधियों के प्रति छात्रों को जागरूक किया जा रहा है तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई भी सुनिश्चित की गई है।

# शिक्षकों ने रैली निकाली, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त कर वरिष्ठता की मांग का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मुंगावली

शनिवार को अध्यापक/ शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों ने नगर में विशाल रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। रैली के पश्चात शिक्षक तहसील कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार कैलाशचंद मालवीय को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों की मुख्य मांग शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने और सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने की है।



### रैली में उमड़ा शिक्षकों का सैलाब

दोपहर को बड़ी संख्या में शिक्षक स्थानीय स्थल पर एकत्रित हुए जहां से रैली प्रारंभ हुई। रैली में शिक्षक हाथों में तख्तियां लिए अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यह रैली तहसील कार्यालय पहुंची। इस दौरान शिक्षकों ने एकजुटता दिखाते हुए शासन से उनके हितों की रक्षा करने की अपील की।

### ज्ञापन की मुख्य मांगें

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में संयुक्त मोर्चा ने निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया है ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि लोक शिक्षण संचालनालय और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा गैर-टीईटी शिक्षकों को परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। मोर्चा का तर्क है कि एनसीटीई की 2010 की अधिसूचना और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार 2001 से पूर्व और 2011- 2014 के बीच नियुक्त विभिन्न संवर्गों को इससे छूट प्राप्त है। अतः विभाग द्वारा जारी दबावपूर्ण आदेशों को तत्काल निरस्त किया जाए। शिक्षकों की एक अन्य प्रमुख मांग है कि उनकी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए। इससे शिक्षकों को पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण, पदोन्नति और क्रमोन्नति जैसे वैधानिक लाभ प्राप्त हो सकेंगे। मोर्चा का कहना है कि प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त कर उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव से राहत प्रदान की जाए। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। श्याम बिहारी शर्मा, संजय जैन,संतोष शर्मा, प्रेमनारायण तिवारी, प्रदीप कनखरे, सौरभ जैन, मनोज मोगिया, झलकन सिंह गुर्जर, निर्भय सिंह भाटी, तिलक सिंह दांगी, जितेन्द्र सिंह दांगी, संतोष पाठक, गजेन्द्र सिंह दांगी, चंद्रभान सिंह, अखिलेश मार्कन, मनोज यादव, शिवराज यादव, अनीस खान, उमेश शर्मा सहित भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे।



## एनएसयूआई ने कॉलेज की समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के निराकरण की मांग की

अशोकनगर। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा शा. नेहरू डिग्री महाविद्यालय, अशोकनगर की प्राचार्या को ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने कहा कि नेहरू महाविद्यालय में कुछ कर्मचारियों द्वारा शासन के द्वारा बनाए गए आठ घंटे की ड्यूटी नियम का पालन नहीं किया जा रहा। वह लगातार अपनी मर्ज़ी से आते है और चाहे जब चले जाते हैं।


कर्मचारियों एवं प्रोफ़ेसर कि इस रवैये से छात्रों को बड़ी समस्या होती है बड़े दूरदराज़ से आने वाले छात्रों जब महाविद्यालय आते हैं तो कई कर्मचारी या प्रोफ़ेसर अपनी जगह पर नहीं मिलते जिससे उन्हें घंटों यहाँ वहाँ भटकना पड़ता और समय की बर्बादी होती। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारियों की ड्यूटी की समय अवधि पर महाविद्यालय प्रशासन ध्यान दें और ऐसे कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई करे। रघुवंशी ने साथ ही कॉलेज के मुख्य द्वार पर नियमित रूप से एक चैकीदार की माँग की जिससे बाहरी लोगों का महाविद्यालय कैंपस में आवागवन रोका जा सके। इस दौरान आशीष यादव जीतू हवेली अंकित लोधी प्रशांत सत्येंद्र संजय अरुण अंकित सुमित अभिषेक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दूसरे व चौथे शनिवार मंडी खुलेगी भुगतान आरटीजीएस से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

एक दिन पहले कलेक्टर साकेत मालवीय मण्डी की व्यवस्थाओं को लेकर गल्ला मण्डी गए थे, उन्होंने मण्डी में माल की बंफर आवक को देखते हुए दूसरे और चैथे शनिवार को भी मण्डी में माल की खरीदी के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद शनिवार को मण्डी में माल की नीलामी की गई। लेकिन इन किसानों को भुगतान सोमवार को आरटीजीएस से किया जाएगा।

ग्रेन मर्चेन्ट एशोसियसन के सचिव राजेश पालीवाल ने बताया कि कलेक्टर के आदेश के बाद मण्डी प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। एक दिन पहले शुक्रवार को जिन किसानों का माल मण्डी में आया था और मण्डी बंद होने के बाद नीलामी नहीं हो पाई थी, उन किसानों के माल की नीलामी शनिवार को हुई। दूसरे और चैथे शनिवार को बैंक बंद होने की वजह से व्यापारियों ने गत वर्ष शनिवार को मण्डी में माल की नीलामी में भाग लेने से इन्कार कर दिया था, व्यापारियों को तर्क था कि किसानों को बेचे गए माल का नगद भुगतान नहीं हो पाएगा, क्योंकि बैंक बंद रहती हैं, जिसके बाद बैंक बंद रहने के कारण दूसरे और चैथे शनिवार को मण्डी में माल की नीलामी बंद कर दी गई थी। लेकिन अब वर्तमान कलेक्टर द्वारा दिए गए आदेश के बाद माल की नीलामी मण्डी में हुई, लेकिन किसानों को माल का भुगतान सोमवार को आरटीजीएस से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन दिनों व्यापारियों को बैंको द्वारा पर्याप्त मात्रा में रूपए प्रदान नहीं किए जा रहे हैं, जिसके कारण किसानों को नगद भुगतान नहीं हो पा रहा है। अगर किसान आरटीजीएस से भुगतान नहीं लेते हैं तो उन्हें शेष दिनों में भी नगद रूप से भुगतान किया जाएगा।



कार्यालय कलेक्टर, जिला अशोकनगर (म.प्र.)

☎ : 07543 - 222800 (Office), 293555 (Resi.) E-mail : dmashoknagar@mp.nic.in

क्रमांक/स्टेनो कले./2026/55 अशोकनगर, दिनांक : 10/04/2026

//आदेश//

जिला अशोकनगर में वर्तमान समय में कृषि उपज मंडियों में गेहूं की बंपर आवक के कारण किसानों को अपनी उपज नीलामी में दो-तीन दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे किसानों को अपनी फसल की सुरक्षा एवं तेज गर्मी आदि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण कभी-कभी कानून व्यवस्था की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है।


अतः उक्त संबंध में सचिव, कृषि उपज मंडी समिति अशोकनगर को निर्देशित किया जाता है कि आप किसानों की परेशानियों एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी समिति अशोकनगर में शनिवार को उपज नीलामी कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

(साकेत मालवीय)
कलेक्टर
जिला अशोकनगर (म.प्र.)

पृ. क्रमांक/स्टेनो कले./2026/55(1-6) अशोकनगर, दिनांक : 10/04/2026

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. प्रबंध संचालक सह आयुक्त, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल की ओर सूचनार्थ।



## महिला परिषद ने विश्व नमोकार दिवस पर सामुहिक रूप से महामंत्र का जाप किया

अशोकनगर। दिगम्बर जैन महिला परिषद राजुल संभाग द्वारा 9 अप्रैल को जैन भवन में विश्व णमोकार दिवस श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिषद की सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से महामंत्र नवकार का जप कर वातावरण को धर्ममय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। साथ ही परिषद में नई सदस्यों का स्वागत किया गया, जिनमें रश्मि बड़कुल, आरजू जैन, सीमा जैन, रंजना जैन, दिव्या बड़कुल, नीतू आलीशान एवं रिया जैन शामिल रहीं। इस अवसर पर परिषद द्वारा मनोरंजन मीटिंग का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में परिषद की वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रांतीय चेयरपर्सन प्रमिला चैधरी, प्रांतीय प्रतिनिधि रश्मि जैन, पूर्व अध्यक्ष प्रियंका बरखेड़ा, प्रीति बाबा, मंजू नेशनल एवं गुनमाला आदि मौजूद थे।

### महात्मा ज्योतिवा राव फुले की 200वीं जयंती मनाई

# छात्र संगठन डीएसओ ने पुष्पांजलि का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

शनिवार को नवजागरण काल के महान मनीषी महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 200वीं जयंती के मौके पर छात्र संगठन डीएसओ जिला परिषद की ओर से शहर के हृदय स्थल गांधी पार्क पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस मौके पर डीएसओ जिला सचिव विश्वीर भंडारी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने भारत में महिलाओं में शिक्षा की अलख जगाने के लिए ज्ञान की ज्योति के रूप में काम किया। सन-1848 में महात्मा फुले ने महाराष्ट्र के अन्दर जनसहयोग से 18 विद्यालय खोले गए। वह एक ऐसा दौर था जब महिलाओं को पढ़ाना पाप माना जाता था उस समय उन्होंने समाज के विरोध को झेलते हुए बच्चियों को पढ़ाने का बीड़ा उठाया था। सबसे पहले उन्होंने अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले को पढ़ाने का काम किया तत्पश्चात सावित्री बाई फुले ने भी ज्योतिबा फुले के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यह जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली।




वर्तमान में नई शिक्षा नीति के माध्यम से सरकार के द्वारा सांदीपनी विद्यालय (सीएम राइस) के जरिए सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। एक समय था तब महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने जनता की मदद से अपने दम पर स्कूलों को खोला था परंतु वर्तमान सरकार स्कूलों को लगातार बंद कर रही है यह बेहद निंदनीय है जिन महान मनीषियों ने संघर्ष करके स्कूलों को खोला आज उनके सपने को धूमिल करने का काम सरकार कर रही है। आज हमें संघर्षों से उपजे इन स्कूलों को बचाने के लिए आंदोलन संगठित करने की आवश्यकता है इसी आवश्यकता को महसूस करते हुए छात्र संगठन एआईडीएसओ लगातार प्रयासरत है। आगे उन्होंने बताया कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने न सिर्फ शिक्षा के लिए संघर्ष किया बल्कि बाल विवाह पर रोक लगाने,विधवा पुनर्विवाह विवाह लागू करने व सती प्रथा पर रोक लगाने सहित तमाम प्रयास किए।

### कुशवाह समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जन्म

अशोकनगर। कुशवाह समाज द्वारा आज महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जन्म जयंती कुशवाह समाज संगठन समिति, महिला संगठन, लव-कुश युवा संगठन के कार्यकर्ताओं और अन्य सभी कुशवाह समाज बंधुओं द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर लव-कुश मंदिर पर धूमधाम से मनाई गयी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमोल सिंह कुशवाह पूर्व सरपंच रहे। अन्य अतिथियों में मुन्नालाल कुशवाह, जसवंत सिंह कुशवाह, गोपाल कुशवाह, लालाराम कुशवाह, लालचंद कुशवाह तथा विशेष अतिथि राजेंद्र बलवीर सिंह कुशवाह जिला अध्यक्ष कुशवाहा समाज संगठन समिति, दया दयाराम कुशवाह महिला संगठन अध्यक्ष, दया शंकर कुशवाह, मेहरबान जी कुशवाह आदि रहे।

## महिला जैन मिलन ने देहात थाने को वाटर कूलर प्रदान किया

अशोकनगर। भारतीय जैन मिलन फाउंडेशन के सहयोग से महिला जैन मिलन द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर का भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची, राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन एवं संयुक्त मंत्री आनंद गांधी,क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष निर्मल मिर्ची की उपस्थिति में फीता खोलकर लोकार्पण किया गया।

इसकी स्थापना से देहात पुलिस थाने के स्टॉफ एवं आने वाले जन सामान्य को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। यह वाटर कूलर श्वेता-कमल भोपाली ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए जनसेवा हेतु भेंट किया है। इसमें भारतीय जैन मिलन फाउंडेशन ने भी अनुदान दिया है। कार्यक्रम में देहात पुलिस थाने के प्रभारी भुवनेश शर्मा और स्टॉफ सोनम यादव, सुमन किशोर लाकड़ा, दवान सिंह,अतेंद्र यादव एवं वाजिद बेग को भी उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जैन मिलन सेंट्रल अध्यक्ष अतुल बंसल, मंत्री मनोज जैन, कोषाध्यक्ष सुनील कोठारी, सचिन जैन बारी, सचिन जैन सर्राफ, राकेश बाबा, योगेश खैरा,नरेंद्र जैन महिला जैन मिलन की मंत्री प्रीति जैन, कोषाध्यक्ष अंजू कांसल, हर्षिता जैन,शालिनी खैरा, विनीता मिर्ची, सीमा बगुल्या, मीनू खैरा, दीप्ति कांसल आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश पर से हुई मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम जमडेरा में दो पक्षों में पुरानी रंजिस पर से हुई मारपीट के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध मामले दर्ज कराए हैं, एक पक्ष की ओर से रामसिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पंजाब सिंह गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष की ओर से अरूण गर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामसिंह गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मुंगावली मण्डी के सहायक उप निरीक्षक रवि कुमार पचैरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजवेन्द्र यादव और छोटू यादव ने शासकीय कार्य में बांधा डाली और अश्लील गालियां दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर निवासी दाखाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से शरद अहिरवार, लालू अहिरवार, रामकुमार, अनीताबाई अहिरवार ने दहेज के लिए उसे प्रताड़ति किया और उससे मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के प्रकरण किए पंजीबद्ध


**अशोकनगर।** देहात थाने की पुलिस ने हरविन्दर सिक्ख निवासी शंकर कॉलोनी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कचनार पुलिस ने सौराम बंजारा निवासी अनंतपुर चक्क के पास से 5 लीटर और चंदेरी पुलिस ने टोड़ा निवासी भरत यादव के पास से 5 लीटर तथा मुंगावली पुलिस ने उम्मेदा अहिरवार निवासी मदउखेडी के पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

## ओडेर सेवा सहकारी समिति में दूसरों की जमीन पर लाभ

# भावांतर और पंजीयन का बड़ा खेल, भ्रष्टों ने किया फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

सेवा सहकारी समिति मर्यादित ओडेर इन दिनों भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े का मुख्य केंद्र बनी हुई है। भावांतर योजना से लेकर वर्तमान में चल रहे गेहूं, मसूर, चना और सरसों के पंजीयन में रसूखदारों द्वारा कागजों की हेराफेरी कर फर्जी पंजीयन कर फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि सबूत सामने होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की कार्रवाई चींटी की चाल से चल रही है जिससे फर्जीवाड़ा करने वालों के हौसले बुलंद हैं जिससे यह किसानों के नाम पर लूट लगातार जारी है वही अब कई खुलासे आए दिन देखने को मिल रहे है सेवा सहकारी समिति मर्यादित ओडेर में ऐसे कई नाम सामने आए है जिन्होंने एक ही रकबा नम्बर पर दो फसलों का पंजीयन करा लिया है जिसमें गेहूं और सरसों के पंजीयन कर दिए गए है जो साफ तौर कही न कही प्रशासन के सत्यापन पर उंगली खड़ी कर रही है ।



### यह नाम, जिनमें मिली गड़बड़ी

सेवा सहकारी समिति मर्यादित ओडेर द्वारा किए गए भावांतर योजना के पंजीयन में बलवीर दांगी पुत्र देशराज सिंह दांगी निवासी ग्राम ओडेर द्वारा किसान कोड पर 222460020623 पर साविया बी,मोहम्मद खां,रुबीना,पप्पू, लईका बी,राबिया,हज्जो बी, चाँदमिया, मदीना बी सर्वे नंबर 190/1, गुडडीबाई, दयाराम,रामचरण, राजकुमारी, सम्पतबाई,ममता सर्वे नंबर190/2/2, गनेशराम सर्वे नंबर 190/2/4,साजिया बी नाबालिग,हज्जो बी,चाँदमिया नाबालिग, मदीना बी,राबिया,रुबीना,लईका बी सर्वे नंबर 191/2 पर सोयाबीन का पंजीयन कराकर भावांतर योजना का लाभ उठाया गया। वही वर्तमान में सरसों, गेहूं पंजीयन में बलवीर सिंह दांगी द्वारा किसान कोड 222460020623 पर नर्वदीवाई सर्वे नंबर135/1/1, राजकुमारी, सम्पतबाई,ममता, गुडडीबाई, दयाराम,रामचरण सर्वे नंबर 190/2/2, उषाबाई सर्वे नंबर 359, 107/1, फकरूद्दीन खां,समरीन बी,मुल्लीबाई सर्वे नंबर 184/2, कलेक्टरसिंह,फेरनसिंह, कल्लूसिंह, उत्तमसिंह, भीकमसिंह,राजवाई,चतुर्भुजसिह,राजकुमारसिह,गजराजसिंह, माखनसिंह दीनासिंह सर्वे नंबर 108, उम्मेद सिंह सर्वे नंबर 291/4, रजा सर्वे नंबर 291/3 पर पंजीयन कराया गया है।

### एक रकबा नंबर पर दो फसल पंजीयन

वहीं गोविंद शर्मा द्वारा किसान कोड 251462400079 द्वारा सरसों, गेहूं पंजीयन किया गया है जिसमे भूमि गोविन्द सर्वे नंबर 414/2, रामप्रसाद सर्वे नंबर 416/2, 390/1 पंकज शर्मा सर्वे नंबर 417/1, 417/2,गीतावाई सर्वे नंबर 382/1/1, 382/1/2, अंजनाबाई,कुन्दन रघुबीर रन्धीरसियाराम,लालाराम सर्वे 8/1, कलेक्टर सिंह, फेरनसिंह, कल्लूसिंह, भीकमसिंह,उत्तमसिंह,दीनासिंह, माखनसिंह, गजराज संह, राजकुमारसिह, चतुर्भुजसिह, राजवाई सर्वे नंबर 642, राहूलसिंह सर्वे नंबर 252/2 इस पंजीयन में एक और फर्जीवाड़ा सामने आया है जहां एक ही सर्वे नंबर बार बार दर्ज किया पंजीयन कराने वाले गोविंद शर्मा के पास केवल 0.345 हेक्टेयर भूमि ही है अन्य दूसरों की भूमि स्वयं की भूमि बताई है।

**इनका कहना है**

एसडीएम से चर्चा करके पंजीयन वाले मामले को में दिखवाता हूं।

**साकेत मालवीय,** कलेक्टर अशोकनगर

# महाविद्यालय में जल है तो कल है विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता और परिचर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके तहत शनिवार को "जल है तो कल है" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के लगभग 170 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण, पुनरुद्धार तथा मानव जीवन में उनकी महत्ता पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया था जिसका ध्येय वाक्य "जल है तो कल है" है। इसी ध्येय को दृष्टिगत रखते हुए, प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के निर्देशन में तथा इको क्लब प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट के नेतृत्व में दिनांक 10 अप्रैल को एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के लगभग 56 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। परिचर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों को जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के महत्व से अवगत कराया गया, जिसे उन्होंने गंभीरता से समझा और सराहा। साथ ही इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्थित सभी जल टंकिया एवं वाटर कूलर की भी साफ-सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित की गई, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके तथा जल संरक्षण के प्रति व्यावहारिक जागरूकता को भी बढ़ावा मिला। क्रियान्वयन में महाविद्यालय के इको क्लब के सदस्य प्राची जैन, मोनिका, कुमारी संगीता, अरविन्द, प्रवीण, की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने का सफल प्रयास किया गया।

### 3 पहिया लोडिंग वाहन की टक्कर से दो घायल

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत लखन आदिवासी निवासी बरखेडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भोलाराम बंजारा निवासी बैराड जिला शिवपुरी ने अपने 3 पहिया लोडिंग वाहन जिसका नंबर एमपी 33 एल 0694 है, उसे तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी के पिता वंटी आदिवासी, और मां रति आदिवासी को टक्कर मार दी जिससे उन्हे चोटे आईं हैं।

# स्टेशन पर यात्रियों के लिए नहीं मूलभूत सुविधा, महिलाएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढोरा




शाढोरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन पर बने शौचालय और प्रसाधन लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे यात्रियों विशेषकर महिला यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी परेशानी को लेकर पूर्व जेडआरयूसीसी मेंबर व यात्री सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील आचार्य ने नवागत पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के महाप्रबंधक को शोसल मीडिया के माध्यम से अवगत कराया।

यात्रियों का कहना है कि भारत सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर इन सुविधाओं का निर्माण कराया गया था, लेकिन संबंधित अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी के चलते ये आज तक उपयोग में नहीं आ पा रहे हैं। निर्माण कार्य का बहाना देकर वर्षों से शौचालय और प्रसाधन बंद पड़े हैं, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है। वही प्लेटफार्म 2 पर इस भीषण गर्मी मे यात्रियो के लिए कंड गीला करने पानी नही मिल रहा है। महिला यात्रियों ने विशेष रूप से अपनी समस्या बताते हुए कहा कि स्टेशन पर शौचालय की सुविधा न होने से उन्हें बेहद असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कई यात्रियों ने यह सवाल उठाया है कि जब वे टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं, तो क्या उन्हें रेलवे मानकों के अनुसार बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलनी चाहिए? इस गंभीर समस्या को लेकर समाजसेवी सुनील आचार्य ने मांग की है कि यात्रियों के हित में जल्द से जल्द शौचालय और प्रसाधन को दुरुस्त कर चालू किया जाए।

# पानी सूखा तो नदी में दिखने लगे मगरमच्छ, पांच वर्ष में बढ़ा कुनबा

**अशोकनगर।** बहादुरपुर क्षेत्र के गोरा गांव में बीते शुक्रवार को एक मगरमच्छ कैथन नदी के किनारे पर आराम फरमाता दिखाई दिया। मगरमच्छ के आराम को गांव के युवा उवेश खान ने कैमरे में कैद कर लिया लेकिन इसकी खबर फैलते ही ग्रामीण उस ओर जाने से डर रहे हैं। गाय बैलों का भी ध्यान रखना पड़ रहा है कि कहीं मगरमच्छ उन्हें अपना शिकार न बना ले।

यह पहली बार नहीं है कि गोरा गांव की कैथन नदी में मगरमच्छ दिखाई दिया हो, बीते पांच वर्षों से यहां मगरमच्छ दिखने लगे हैं। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि इससे पहले कभी यहां मगरमच्छ नहीं दिखाई दिए। मगरमच्छों का कुनबा कुछ इस तरह से इस क्षेत्र में बढ़ गया है कि नदियों में पानी सूखने के बाद वह आसपास की बस्तियों तक पहुंच जाते हैं। बीते पांच वर्षों में हाजूखेड़ी, बहादुरपुर, खोपरा, सुमेर, बर्री और कुम्हर्रा गांव में मगरमच्छ दिखे हैं। वन विभाग के बीट प्रभारी अजहर खान बताते हैं कि सन 2021 की बाढ़ में बेतवा नदी से कैथन नदी में मगरमच्छ आ गए थे। बाद में उन्होंने यहां प्रजनन किया, जिससे संख्या में वृद्धि होने लगी। उन्होंने बताया कि सन 2024 में जब नदी सूख गई थी तो करीब एक दर्जन मगरमच्छों का रेस्क्यू कर बेतवा नदी में छोड़ा गया था। इनमें नवजात से लेकर आठ वर्ष तक के मगरमच्छ शामिल थे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि मगरमच्छ दिखे तो उसे छेड़े नहीं। नदी उसका प्राकृतिक आवास है, यदि बस्ती की ओर दिखाई दे तो वन विभाग को सूचित करें, ताकि उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।



# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती उनके स्मारक पर पुष्प मालाएं अर्पित कर मनाई गई

**अशोकनगर।** शनिवार को चंदेरी के तहसील प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और वक्ताओं ने बाबा साहब की जीवनी, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध उनके संघर्ष और समानता के अधिकारों के लिए किए गए उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक जनपद अध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत दो हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह बुंदेला, एसडीएम मनीष धनकर, सीईओ आलोकप्रताप सिंह इटौरिया, तहसीलदार दिलीप दरोगा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।





### विश्व हिंदू परिषद की समरसता यात्रा रविवार को वाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होगी

**अशोकनगर।** विश्व हिंदू परिषद की समरसता यात्रा रविवार को सुबह 11 बजे से वाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होगी। इस हेतु समरसता प्रमुख विकास जैन बल्ली के नेतृत्व में संपर्क अभियान शुरू किया। जिसमें प्रांत अर्चक मंदिर प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा ने पीले चावल भेंट कर समाज जनों से आह्वान किया। समरसता यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सामाजिक शक्ति को बढ़ाएं और राष्ट्र शक्ति को मजबूत करें। समाज में जिस प्रकार से असमानताएं आ गई हैं। समरसता की कमी के कारण ही हो रहा है इसलिए समरसता बहुत महत्वपूर्ण है समाज को बचाना है तो समरसता लाना है। इसमें समरसता यात्रा प्रमुख संतोष शर्मा जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार आदि लोग मौजूद थे।

# चंदेरी थाना पुलिस ने 2 किलो गांजा सहित तीन आरोपी गिरफ्तार किए, एक बाईक भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी थाना पुलिस ने 2 किलो गांजा सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से पुलिस ने एक पल्सर बाईक भी बरामद की है।



शनिवार को थाना चंदेरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कोई दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु पल्सर मोटर साइकिल से राजघाट से चंदेरी की तरफ आ रहे हैं। थाना प्रभारी चंदेरी प्रशांत यादव द्वारा उप निरीक्षक कदम सिंह मीणा व पुलिस बल के साथ कू-कू तलैया पर चेकिंग लगवाई तो दो व्यक्ति ब्लैक पल्सर मोटरसाइकिल से राजघाट की तरफ से आ रहे थे जिन्हें घेराबंदी करके पकड़कर नाम पता पूछा तो मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम अर्जुन पुत्र माताल लोधी निवासी ग्राम तगारी का होना बताया व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम मुकेश पुत्र मथुरा रैकवार निवासी हाटकापुरा चंदेरी का होना बताया।

जिसके बाद चंदेरी पुलिस द्वारा दोनों की तलाशी ली गई तो आरोपीगणों के कब्जे से 2 किलो गांजा कीमती करीबन 50,000/ रूपये का जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया जिसमें आरोपीगणों से पूछताछ की गई जिसमें पूछताछ पर आरोपीगण ने गांजा अन्य साथी रामबाबू लोधी पुत्र सरदार लोधी निवासी ग्राम रूहाना थाना सेहराई को लाकर देना बताया।

# टीईटी के विरोध में चंदेरी में मोर्चा ने ज्ञापन दिया




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रदेश व्यापी अभियान के अंतर्गत अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा टीईटी के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं सयुक्त मोर्चा के सदस्य रघुवीर सिंह राजपूत ने बताया कि आज का ज्ञापन मध्यप्रदेश के 313 ब्लाकों में एक साथ है जो मुख्य रूप से टीईटी परीक्षा को लेकर है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से यह मुद्दा उठाया गया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के बावजूद प्रदेश के नॉन-टीईटी शिक्षकों पर टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता थोपना न्यायसंगत नहीं है।

विभागीय स्तर पर जारी आदेशों के माध्यम से शिक्षकों को ज्म्ज् उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जाना न्यायालयीन भावना एवं विधिक प्रावधानों के विपरीत है। यह स्थिति न केवल शिक्षकों के अधिकारों का हनन है, बल्कि उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव में भी डाल रही है। मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में रिट अपील दायर करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा से मध्यप्रदेश के करीब 70 हजार एवं देश भर के लगभग 25 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे ,उन्होंने यह भी बताया कि 29 मार्च को भोपाल में प्रदेश के 12 संघों ने मिलकर एक संयुक्त मोर्चा का गठन किया है जिसमें ब्लाक स्तर पर सभी संघों के ब्लाक अध्यक्ष एक जुट होकर यह लड़ाई ब्लाक स्तर पर लड़ रहे है जो संघ सयुक्त मोर्चा में सामिल नहीं है उन्हें भी ब्लाक स्तर पर मोर्चा द्वारा आमंत्रित किया गया है और बो भी ब्लाक स्तर पर मोर्चा का साथ दे रहे है, गुरु जी संघ एवं सयुक्त मोर्चा के सदस्य रूपसिंह बुंदेला ने प्रमुखता से मांग रखी कि टीईटी की अनिवार्यता को तत्काल समाप्त किया जाए। इसमें संयुक्त मोर्चा के साथी आजाद प्रदेश उपाध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव आदि थे।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर शनिवार को रेस्ट हाउस ईसागढ़ में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों की संख्या में एकत्रित समस्त शिक्षकों ने एकजुट होकर विशाल बाइक रैली निकाली जो रेस्ट हाउस से अनुविभागीय कार्यालय पहुंचीं। जहां शिक्षकों ने करीब 700 मीटर से ज्यादा पैदल चल कर मुख्यमंत्री के नाम अपनी लंबित एवं न्यायोचित मांगों के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय जाकर तहसीलदार अरुण गुर्जर को ज्ञापन सौंपा गया। एनसीटीई की 10 अगस्त 2010 की अधिसूचना में स्पष्ट प्रावधान है कि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों एवं विशेष परिस्थितियों में कार्यरत शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान की गई है। प्रयागराज उच्च न्यायालय ने भी यही व्याख्या की है कि पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को इसके दायरे में नहीं लिया जा सकता। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर जारी आदेशों के माध्यम से शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जाना न्यायालयीन भावना एवं विधिक प्रावधानों के विपरीत है। यह स्थिति न केवल शिक्षकों के अधिकारों का हनन है, बल्कि उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव में भी डाल रही है।




**मोर्चा द्वारा यह मांग रखीं गई**

टीईटी की अनिवार्यता को तत्काल समाप्त किया जाए। सरकार संवेदनशील ढंग से उच्चतम न्यायालय में रिव्यू पिटिशन फाईल करे। तथा केन्द्र सरकार से अध्यादेश लाकर इस विसंगति को दूर करे। सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए, जिससे शिक्षकों को पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अन्य वैधानिक लाभ मिल सकें।

### विद्यार्थियों को मोलाडेम नर्सरी का भ्रमण कराया, पेड़-पौधों एवं वन्यजीवों की जानकारी प्रदान की गई

**अशोकनगर।** मुंगावली नगर के टीएव्ही हायर सेकेंडरी स्कूल के लगभग 200 बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने मोला डेम नर्सरी पहुंचकर पेड़-पौधों एवं वन्यजीवों के बारे में विस्तृत रूप से जाना एवं बड़ी ही रोचकता के साथ बच्चों द्वारा गहनता की गई। वहीं वन विभाग के अधिकारी संजय सिंह भदौरिया ने बच्चों के लिए सारी नर्सरी का भ्रमण कराया एवं उनके सवालों का जवाब दिया।

बच्चों को उन्होंने बताया कि आज हमारे जीवन में पेड़ पौधों का कितना महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि हमें पेड़ पौधों से औषधि फल फूल एवं अन्य सामग्री उपलब्ध होती है और विशेष रूप से जीवन दायिनी ऑक्सीजन प्राप्त होती है। साथ ही साथ किस तरह बीज का निर्माण किया जाता है। इसके लिए संजय भदौरिया ने पॉलीहाउस, मिस्ट चैंबर, वर्मी कंपोस्ट तथा आर.ई.टी. प्रजातियों आदि के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सब बच्चों से आग्रह किया कि आप भी अपने आसपास पौधे जरूर लगाए ताकि पर्यावरण में आप सबका विशेष सहयोग हो सके। स्कूल के अध्यक्ष डॉ प्रमोद जैन ने कहा कि हमारे बच्चों के लिए हमें आज सब करके उनको दिखाना होगा कि जिससे कि वह समझ सके की आने वाले टाइम में इन सब चीजों की कितनी उपयोगिता होती है।

## लायंस क्लब की रीजन कॉन्फ्रेंस में अशोकनगर को मिली नई उपलब्धि, दी बधाई

# लायंस क्लब अध्यक्ष सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के रूप में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शिवपुरी में आयोजित लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-ई-1 की भव्य रीजन कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। इस गरिमामयी आयोजन का संचालन रीजन चेयरपर्सन लायन पवन जैन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर बाजपेयी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें अशोकनगर लायंस क्लब के अध्यक्ष अभिजीत जैन को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं ध्वज वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात विभिन्न सत्रों में वक्ताओं द्वारा नेतृत्व विषय पर अपने विचार व्यक्त किए गए। साथ ही बिजनेस एवं लीडरशिप से संबंधित विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर लायंस क्लब अशोकनगर ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली एवं सक्रियता से विशेष पहचान बनाई और कई महत्वपूर्ण पुरस्कार अपने नाम किए।

सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का सम्मान क्लब के अध्यक्ष लायन अभिजीत जैन को "मोस्ट इंस्पायरिंग लायन ऑफ द रीजन" (सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष) के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाज़ा गया। यह सम्मान एम.जे.एफ. लायन राजेश बनवारी की स्मृति में प्रदान किया गया, जो एक सच्चे लीडर, समर्पित लायन एवं सभी के प्रिय मित्र रहे हैं। इस सम्मान को प्राप्त कर लायन अभिजीत जैन ने न केवल अपने उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया, बल्कि अशोकनगर का नाम पूरे रीजन एवं डिस्ट्रिक्ट स्तर पर गौरवान्वित किया। इसके साथ ही क्लब को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला क्लब, सर्वाधिक गतिविधियाँ संचालित करने वाला क्लब, उत्कृष्ट अध्यक्ष सम्मान, उत्कृष्ट सचिव सम्मान, सर्वश्रेष्ठ समन्वय, उत्कृष्ट सेवा, समर्पित लायन, श्रेष्ठ टीम प्रदर्शन, सामाजिक सेवा उत्कृष्टता, गतिविधि नेतृत्व, विशेष क्षेत्रीय सम्मान, सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट क्रियान्वयन, जनसेवा गौरव, उत्कृष्ट आयोजन प्रबंधन, नवाचार गतिविधि, श्रेष्ठ सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रचार-प्रसार जैसे कुल 18 से अधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए।



क्लब के सचिव लायन विकास रघुवंशी को उत्कृष्ट सचिव सम्मान से सम्मानित किया गया, जबकि लायन गिरीश गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ सचिव हेतु नामांकित किया गया। इसके अतिरिक्त लायन राजकुमार सोनी, लायन हरि सिंह रघुवंशी एवं लायन रंजीत सिंह संधू को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विशेष उपलब्धि के रूप में बैनर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में लायंस क्लब अशोकनगर को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस प्रस्तुति की सभी वरिष्ठ सदस्यों एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम में स्क्रैपबुक, पेपर कटिंग एवं न्यूज़ डिस्प्ले भी आकर्षण का केंद्र रहे, जिसमें अशोकनगर क्लब को सम्मान प्राप्त हुआ। वर्षभर की सक्रिय गतिविधियों पर क्लब को प्रशंसा मिली।

पूर्व में जोन चेयरपर्सन रहे पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया, जिनमें लायन संजय रघुवंशी, लायन मनोज कंसल, लायन डॉ. राजेश कुमार, लायन हरि सिंह रघुवंशी एवं लायन रंजीत सिंह संधू शामिल रहे। सम्मेलन के दौरान वरिष्ठ सदस्यों एवं अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी कार्यकाल के लिए सुझाव भी दिए। विशेष रूप से अध्यक्ष लायन अभिजीत जैन, सचिव लायन विकास रघुवंशी एवं कोषाध्यक्ष लायन गिरीश गुप्ता तथा उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा गया कि उनके नेतृत्व में आज पूरे रीजन, डिस्ट्रिक्ट एवं संभाग में अशोकनगर की विशेष पहचान स्थापित हुई है।

### कई राज्यों के दिग्गजों की रही उपस्थिति, नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

# समाजसेवी सुरेश गिरी के सेवा संकल्प से महका कन्या विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-गांगाहोनी

समाज सेवा जब निस्वार्थ भाव से की जाए, तो वह न केवल मिसाल बनती है बल्कि समाज को नई दिशा भी प्रदान करती है। ऐसा ही कुछ नजारा हाल ही में आयोजित निःशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन में देखने को मिला। समाजसेवी सुरेश गिरी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल निर्धन परिवारों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि विभिन्न राज्यों से आए समाज के कर्णधारों को एक मंच पर ला खड़ा किया।







## चार जिलों और तीन राज्यों का अनूठा संगम

इस आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें मध्यप्रदेश के गुना, शाजापुर, अशोकनगर और भोपाल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत की। इतना ही नहीं, कार्यक्रम की ख्याति सात समंदर पार न सही, पर सरहदों के पार महाराष्ट्र और राजस्थान तक पहुंची, जहां से समाज के प्रदेश अध्यक्षों ने विशेष रूप से पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## सेवाभावी कार्यों की चौतरफा सराहना

सम्मेलन के दौरान मंच से बोलते हुए विभिन्न राज्यों के अध्यक्षों और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सुरेश गिरी के सेवाभावी व्यक्तित्व की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा किः आज के दौर में निःशुल्क कन्या विवाह जैसे पुनीत कार्य का बीड़ा उठाना साहस और संवेदनशीलता का परिचायक है। सुरेश गिरी ने जो राह दिखाई है, वह समाज के लिए अनुकरणीय है।

## समाज को नई दिशा देने का आह्वान

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने समाज के सभी समर्थ जनों से आग्रह किया कि वे सुरेश गिरी के इस 'नेक मिशन' से प्रेरणा लें। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति ऐसे कार्यों में आगे आए, तो सामाजिक कुरीतियों और आर्थिक बाधाओं को दूर कर समाज को एक नई और सकारात्मक दिशा दी जा सकती है।

## सफलतापूर्वक संपन्न हुआ आयोजन

पूरी तरह निःशुल्क रहे इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। आयोजन की सफलता ने यह साबित कर दिया कि सामूहिक प्रयासों और नेक इरादों से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक मदद पहुंचाई जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में सुरेश गिरी ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

# संकरे रेलवे अंडरब्रिज मामले में प्रशासन हरकत में आया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

खबर का असर

कांकरिया-कुरावर मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज की संकरी चौड़ाई को लेकर प्रकाशित खबर का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। 29 गांवों के ग्रामीणों की चिंता और विरोध के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है।

शनिवार को नायब तहसीलदार सुनीता सिंह ने मौके पर पहुंचकर अंडरब्रिज निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और डिजाइन का बारीकी से अवलोकन किया तथा रेलवे विभाग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि अंडरब्रिज की प्रस्तावित चौड़ाई लगभग 13 फीट होने के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही में गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली, हार्वेस्टर और मालवाहक वाहनों के निकलने में कठिनाई के साथ-साथ आमने-सामने वाहनों के क्रॉसिंग में भी समस्या बनी रहेगी, जिससे जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन और संभावित समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार ने रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंडरब्रिज की चौड़ाई और ऊंचाई बढ़ाने के विकल्पों पर तत्काल विचार किया जाए। साथ ही बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को देखते हुए समुचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कई ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही अंडरब्रिज निर्माण में आवश्यक सुधार किए जाएंगे। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ठोस निर्णय लेकर कार्य में बदलाव नहीं किया जाता, तब तक उनकी चिंता बनी रहेगी। फिलहाल सभी की नजर प्रशासन और रेलवे विभाग के अगले कदम पर टिकी हुई है।

# भीषण गर्मी में 8 दिनों से सूखे नल, वाटर सप्लाई कंपनी पर लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 व 13 में पिछले 8 दिनों से नलों में पानी नहीं आने से रहवासियों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में जल संकट ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। वार्डवासियों का कहना है कि नियमित जल सप्लाई पूरी तरह ठप है, जिससे उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी जुटाना मुश्किल हो रहा है। लोग दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं, वहीं कई परिवार महंगे दामों पर टैंकर मंगवाकर अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने इस समस्या के लिए रिआन वाटर सप्लाई कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कंपनी द्वारा समय पर जल आपूर्ति नहीं की जा रही है और शिकायतों के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। इस संबंध में जब रिआन वाटर सप्लाई के प्रभारी दिवाकर शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 12 व 13 के तलेन रोड स्थित पुलिया के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से पाइपलाइन टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई है। इसी कारण उस क्षेत्र की जल सप्लाई बाधित हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मरम्मत कार्य जारी है और सोमवार तक नल कनेक्शन पुनः चालू कर दिए जाएंगे। फिलहाल, भीषण गर्मी के बीच जल संकट से जूझ रहे वार्डवासियों को राहत मिलने का इंतजार है।

# हाईस्कूल भवन का लोकार्पण, ओंकारपुरा में बनेगा 25 लाख का सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने ग्राम मवासा में 1 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से निर्मित हाईस्कूल भवन का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लगातार बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है, जिससे गांवों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान ओंकारपुरा में 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जा रही है और क्षेत्र में करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव वैध, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह राठौड़, दिनेश दांगी, मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन गुर्जर, रवि मीणा, राकेश चावड़ा, जगदीश रुहेला, जसवंत चावड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामवासियों ने जनप्रतिनिधियों का पुष्पमाला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

# शिक्षक संघ ने टीईटी अनिवार्यता खत्म करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, ब्लॉक सारंगपुर द्वारा शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर मध्यप्रदेश शासन के नाम राज्य मंत्री गौतम टेटवाल एवं नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने तथा पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत देने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1997 से 2013 तक शिक्षा कर्मी, संविदा शिक्षक एवं गुरूजी के रूप में नियुक्त शिक्षकों ने वर्षों तक सेवाएं दी हैं। इसके बाद शासन द्वारा तय मापदंडों के अनुसार उन्हें नियमित शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। वर्तमान में ये शिक्षक 20 से 28 वर्षों से शासकीय स्कूलों में कार्यरत हैं, ऐसे में उन पर टीईटी की अनिवार्यता लागू करना अनुचित है। संघ ने मांग की है कि वर्ष 2013 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी से पूर्णतः छूट दी जाए। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति से आए शिक्षकों को भी उनके कार्यानुभव के आधार पर परीक्षा से राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के अनुसार सेवा शर्तों में बाद में बदलाव नहीं किया जा सकता, इसलिए शिक्षकों को राहत मिलना चाहिए। इसके अलावा वर्ष 2018 में जारी आदेशों में संशोधन कर वरिष्ठता का निर्धारण प्रथम नियुक्ति तिथि से किए जाने की मांग भी रखी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे और सामूहिक रूप से अपनी मांगों का समर्थन किया। ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अनिल पांडे,आरके राठौर,पूजा विजयवर्गीय, वैजन्ती चैरसिया, राखी सिंह, नीतू गुप्ता, सतीश विजयवर्गीय, कालूराम मालवीय, तारीख अंसारी सहित शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

### अवैध उत्खनन मामले में सख्त कार्रवाई

# 15.37 लाख रु. की वसूली के लिए मशीनरी राजसात, होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कुरवाई तहसील अंतर्गत अवैध खनन के एक प्रकरण में पर कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए हैं।

18 दिसम्बर 2019 को ग्राम विशनपुर तहसील कुरवाई में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी। इस दौरान एक पोकलेन मशीन, एक नाव (पनडुब्बी), एक डंपर तथा अवैध रूप से उत्खनित रेत को जब्त किया गया था। कार्रवाई के बाद सारिका पत्नि रघुराज द्विवेदी निवासी बीना पर 15 लाख 37 हजार 500 रुपए का अर्थदंड लगाया गया, लेकिन संबंधित द्वारा राशि जमा नहीं की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा प्रकरण में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अर्थदंड की वसूली के लिए जब्त सामग्री एक पोकलेन, एक नाव एवं एक डंपर को राजसात करने का आदेश पारित किया है।

साथ ही उपखंड अधिकारी कुरवाई एवं जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि 7 दिवस के भीतर उक्त जब्त वाहनों एवं मशीनरी की विधिवत नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर बकाया अर्थदंड राशि की वसूली की जाए।

# महाविद्यालय में समता दिवस का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शासकीय महाविद्यालय में त्रैमासिक कैरियर कैलेंडर के अंतर्गत विद्यार्थियों को सामाजिक समता के अंतर्गत करियर सुलभ कराने के लिए शासन की योजनाओं की जानकारी करियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ. दीपिका जोशी द्वारा प्रदान की गई।

करियर प्राप्त करने व अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में विद्यार्थियों को अनेक समस्याओं का सामना कैसे करना चाहिए उक्त बिंदु पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता खोईया ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा वित्तीय संस्थानों, नाबार्ड और डीआईसी आदि से कैरियर मार्गदर्शन के लिए वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का आभार डॉ. विमल लोदवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ.फारूक पठान, डॉ. दीप्ति सिसोदिया, डॉ. संगीता गुप्ता ,डॉ. भाविक वोरा, डॉ. सुरेंद्र यादव व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर कनिका ने बढ़ाया नगर का मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर के लिए गर्व और खुशी का विषय है कि सोमानी परिवार की सुपुत्री कनिका माहेश्वरी ने एमबीबीएस की डिग्री सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली है। दीक्षांत समारोह में डिग्री हासिल करते हुए उन्होंने अपने परिवार, समाज और पूरे नगर का नाम रोशन किया। कनिका माहेश्वरी है पिता कपिल माहेश्वरी की इस उपलब्धि पर नगरवासियों में हर्ष का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

नगरवासियों का कहना है कि कनिका की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर प्रयास करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। नगर के गणमान्य नागरिक मनोज गोयल, राजेंद्र सोमानी, विजय सोमानी, डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ. नरेश कुमार गवली, राकेश महेश्वरी, सत्यनारायण महेश्वरी, राजेंद्र बाहती, बाला प्रसाद, घनश्याम गर्ग आदि ने भी कनिका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान और सेवाभाव से समाज की सेवा करेंगी तथा चिकित्सा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएंगी। कनिका माहेश्वरी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे कुरावर नगर का गौरव बढ़ा है।

### समाज के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों का कार्यक्रम में किया सम्मान

# महात्मा फुले जयंती पर नगर में निकली शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



महात्मा फुले युवा मंच एवं फूल माली समाज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 जयंती नगर में शोभा यात्रा निकाल कर एवं सम्मान समारोह आयोजित कर मनाई गई।

नगर के मध्य स्थित श्री अंबेमाता मंदिर में पुजा अर्चना कर महात्मा ज्योतिबा फुले की झांकी रथ में सजाकर ढोल धमाके के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई शोभा यात्रा में तिरंगा ध्वज हाथ में लिए घोड़े पर सवार होकर अशोक पुष्पद सबसे आगे चल रहे थे। शोभायात्रा मुखर्जी चौक टेंशन चौराहा जोशी दवाखाना भेरू दरवाजा रोड नजीबाबाद स्कूल महाराणा प्रताप चौराहा बस स्टैंड से महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल पर पहुंचा। जहां अतिथियों द्वारा महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर महात्मा फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोभायात्रा पुनः पुराने हाईवे थाने के सामने होते हुए बालाजी गार्डन पहुंची जहां शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान समाज के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा अन्य कर्मचारियों का प्रतीक चिन्ह तथा दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले दलितों एवं पिछड़ों के मसीहा थे, उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी तथा, नारी शिक्षा व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अपना जीवन समर्पित करने वाले महान समाज सुधारक थे। कार्यक्रम को फूल माली महापंचायत प्रदेश प्रभारी नरेंद्र पुष्पद भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा प्रदीप सादानी फूल माली सोशल उत्थान समिति प्रदेश अध्यक्ष संतोष पुष्पद फूल माली महापंचायत प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद परगना पंचायत जीरापुर खिलचीपुर अध्यक्ष अजय मालाकार हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला पार्षद राकेश पुष्पद राधेश्याम बागवान सत्यानंद महाराज बबिता चोहान महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा फूले ने सामाजिक बुराईयों को दूर करते हुए महिलाओ की शिक्षा पर जोर दिया शोभायात्रा प्रभारी प्रभारी जगदीश पुष्पद तलेनी तहसील समिति प्रभारी जगदीश पुष्पद पचोर वैभव पुष्पद अशोक पुष्पद खुशीलाल पुष्पद ने कार्यक्रम संयोजक महात्मा फुले क्षमता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद ने सभी अतिथियों का साफा बांधकर तथा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया।